आकाशवाणी श्री विजयपुरम

30.03.2025 समय : 0705

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि "भारत प्रथम" देश की विदेश नीति का मूल मंत्र बन गया है।
- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी ''उगादी'' का त्यौहार आज मनाया जा रहा है।
- खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से फुटबॉल और बॉलीबॉल टुर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिन में ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी मन की बात का सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि "भारत प्रथम" देश की विदेश नीति का मूल मंत्र बन गया है। भारत, अब न केवल विश्व व्यवस्था में भाग ले रहा है बल्कि भविष्य को आकार देने और उसे सुरक्षित करने में भी योगदान दे रहा। उन्होंने कहा कि पहले भारत की विदेश नीति सभी से दूरी बनाए रखने की थी, लेकिन अब सभी के साथ मिलकर काम करने की है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है क्योंकि यह देश दुनिया की एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है जिसने केवल दस वर्ष में अपने सकल घरेलू उत्पाद को दोगुना कर दिखाया है।

<><><><><><>

आज राजस्थान अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने द्वीपसमूह में रहने वाले राजस्थान के लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि राजस्थान भारत की असाधारण भावना का प्रतीक है। यहां की वास्तवित शक्ति लोगों में निहित है। उन्होंने कहा कि उन्नति, शिक्षा और संस्कृतिक संगठन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता राज्य की स्थाई विरासत की आधारशिला हैं।

<><><><><><>

ग्रामीण विकास मंत्रालय के सहयोग से ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उद्यमिता विकास कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। होपटाउन पंचायत हॉल में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यकम चार अप्रैल तक चलेगा, जिसका उद्‌देश्य स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उनके कौशल को विकसित करना है। इस अवसर पर होपटाउन पंचायत प्रधान रशीदा बीबी ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं आत्म निर्भरता की ओर अग्रसर हो रही है।

<><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी ''उगादी'' का त्यौहार आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीपसमूह के पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने द्वीपवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि उगादी नए वर्ष का प्रतीक है। जो नवीनीकरण, आशा और समृद्धि का संदेश देता हैं।

उधर, न्यू पहाड गांव के उपासना केन्द्र में सनातन हिन्दु नव–वर्ष उत्सव मनाया जाएगा। यह उत्सव आज शाम छह बजे आरंभ होगा, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रसाद वितरित किया जाएगा।

<><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग, प्रशासन और साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव–बियॉन्ड होराइजनः अखिल भारतीय लेखक महोत्सव कल संपन्न हुआ। टैगोर राजकीय महाविद्यालय में आयोजित इस महोत्सव में देश भर के कवियों और साहित्य प्रेमियों ने हिस्सा लिया। कल लेखक महोत्सव के तीसरे दिन साहित्य प्रेमियों की अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिली। इस दौरान द्वीपों की सुन्दरता और पर्यटन स्थलों पर आधारित कविता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कवियों और वक्ताओं ने अपनी स्वयं की रचित कविताओं को साझा किया, जो उनके आंतरिक विचारों, भावनाओं और समाज पर प्रतिबिंबों की एक झलक पेश करती हैं। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से द्वीपसमूह के इतिहास, हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम में द्वीप समूह की भूमिका और विविधता के बीच एकता के बारे में जानकारी प्रदान की, जिससे इस द्वीप को एक 'मिनी इंडिया' की संज्ञा दी गई।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग, नेताजी स्टेडियम और जे एन आर एम फुटबॉल मैदान में डे–नाइट फुटबॉल और बॉलीबॉल टुर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। दोनों ही टुर्नामेंट पांच अप्रैल को खेले जाएंगे, जो सभी श्रेणियों के लिए खुले है। इस टुर्नामेंट में युवा, सरकारी और निजी संगठन और स्थानीय टीमें हिस्सा लेंगी। इसका उद्देश्य द्वीपसमूह के युवाओं और स्थानीय निवासियों के बीच खेल और शारीरिक फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इच्छुक टीमें तीन अप्रैल तक पंजीकरण करा सकती है। इस मौके पर फुटबॉल कोच सईद मिरान ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में जहां खेल की रूचि बढ़ती है, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए ज़रूरी है।

<><><><><><>

भारतीय तेल निगम लिमिटेड ने घरेलू एल पी जी उपभोक्ताओं के लिए बडी राहत दी हैं, जिन ग्राहको के पास अब तक सिंगल सिलेण्डर कनेक्शन था, उन्हें अब डबल सिलेण्डर कनेक्शन लेने की सलाह दी गई है। इससे गैस की कमी के कारण होने वाली असुविधा से राहत मिलेगी। इसके साथ ही गैस बुकिंग को भी और असान बना दिया गया है। अब उपभोक्ता 8454 955 555 पर मिस्ट कॉल दे कर अपनी गैस बुक कर सकते हैं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे जल्द से जल्द नजदीकी वितरकों से संपर्क करें।

<><><><><><>